## खबर संक्षेप



### श्रुति बियानी बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

**शहडोल।** अगर लगन है तो, सफलताएं कदम चूमती हैं। अनूपपुर जिला मुख्यालय की होनहार छात्रा कुमारी श्रुति बियानी चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बन गई है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत का ही परिणाम है, उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत तुलसी मॉडल स्कूल अनूपपुर एवं हाई स्कूल कल्याणीका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में पूरी की। इसके पश्चात नागपुर से सीए आर्टिकलशिप पुरी की। कु.श्रुति बियानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु जी के साथ ही अपने दादा अशोक बियानी, दादी किरण बियानी, पापा विवेक बियानी एवं मम्मी जयश्री बियानी को देती है, उन्होंने कहा कि सभी ने मेरे को पढ़ाई के लिए सदैव आगे ही बढ़ाया। जिसका परिणाम अब जाकर सामने आया। उन्होंने कहा कि वह अपना अधिकांश समय विद्या अध्ययन में देती थी और सफलता पाने के लिए काफी कड़ी मेहनत की। ज्ञातव्य हो की चार्टर्ड अकाउंटेंसी भारत में सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में से एक है। श्रुति बियानी की सफलता पर कैलाश लालवानी, सीताराम पटेल, सूरज श्रीवास्तव, रघुवंश मिश्रा, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, अमित दुबे, शुभम तिवारी, लवकेश सिंह, अशीष कचेर, सुधीर यादव स्थानीय लोगों ने बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ग्राम बड़कड़ोल में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**जयसिंहनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल के ग्राम पंचायत बड़का डोल में किया गया। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहडोल के जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय के मार्गदर्शन में अंत्योदय समिति जनपद पंचायत अध्यक्ष अरुण गौतम, मंडल उपाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष पार्षद दिवाकर देवा पयासी, मंडल महामंत्री एवं सरपंच ढोलर कविता सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रावेन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष राकेश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सरपंच श्यानकिशोर सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री आशीष राव, जनपद पंचायत एपीओ मनोज मिश्रा, पवन तिवारी, अनुपम द्विवेदी, स्वास्थ विभाग से एवं आजीवका सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सैकड़ो ग्राम पंचायत निवासी उपस्थित रहे।

### शिशु को दागने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

**शहडोल।** थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि, 02 माह की बालिका जिसे निमोनियां हो गया था, जिसे 20 दिसम्बर 23 को बच्ची की नानी मुन्नी बाई कोल पति रूद्धू कोल उम्र 55 वर्ष निवासी जमुड़ी जिला अनूपपुर एवं बच्ची की मां इंद्रवती कोल पति महेन्द्र कोल उम्र 35 वर्ष निवासी लालपुर थाना बुढ़ार के द्वारा अगरबत्ती के माध्यम से 07 बार बच्ची के सीने में दागा गया है, जिससे उक्त बालिका का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। बच्ची को 07 जनवरी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर तत्काल थाना बुढार में बच्ची की नानी मुन्नी बाई कोल निवासी जमुड़ी जिला अनूपपुर एवं बच्ची की मां इंद्रवती कोल निवासी लालपुर थाना बुढ़ार के विरूद्ध भादवि, ड्रग एवं मैजिक रेमिडिस एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### शांतिपूर्ण चुनावों के उपरांत मंगलवार को सुबह हुई मतगणना

# धनपुरी में कांग्रेस ने गढ़ बचाया, पकरिया-पैरीबहरा ने चुने सरपंच







**शहडोल।** धनपुरी के वार्ड नंबर 28 और बुढ़ार जनपद की दो पंचायतों के सरपंच का चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार को इसके नतीजे सामने आये, लगातार हार रही कांग्रेस को मिली जीत से राहत के छीटे नसीब हुए हैं, वहीं पकरिया में पति की मौत के बाद महिला दूसरी बार सरपंच बनी, तो पैरीबहरा में मृतक परिवार की जगह नये चेहरे को गांव की कमान सौंपी गई। जिले के कोयलांचल की नपा धनपुरी के वार्ड नंबर 28 में कांग्रेस की महिला पार्षद की मौत के बाद उपचुनाव संपन्न हुए, यहां कांग्रेस अपने गढ़ को बचाने में कामयाब रही, कांग्रेस की गीता कोल ने अपने रिश्ते की भाभी गीता कोल को लंबे अंतर से पराजित किया, यहां कांग्रेस के रणनीतिकारों में सुजीत सिंह चंदेल, संतोष सिंह सेंगर, शोभाराम पटेल, विनय सिन्हा, सूर्य प्रताप सिंह, अरविंद नायक, मनू सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता, लक्ष्मण कोल, कमलेश कोल आदि ने प्रत्याशी को विजय की देहरी तक पहुंचाया, दूसरी तरफ बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत पकरिया में दो बार सरपंच रहे स्व. लल्लू बैगा की पत्नी गेंदबाई बैगा दूसरी बार सरपंच बनी, वहीं पैरीबहरा में भी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए, बुढ़ार तहसीलदार भावना डेहेरिया और डिप्टी कलेक्टर प्रगति वर्मा ने चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाये।

#### फिर विजयी हुआ उपसरपंच का पैनल

बुढार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया में पूर्व सरपंच लल्लू बैगा की मौत के बाद उपचुनाव बीते दिनों संपन्न हुए थे, उपचुनाव में सरपंच पद के लिए जनता के द्वारा डाले गए मतों की गिनती शुरू हुई, जिसमें एक बार फिर ग्राम पकरिया की जनता ने पंचायत की उपसरपंच श्रीमती रेखा बुद्धू चौधरी पर विश्वास जताते हुए उनके समर्थित प्रत्याशी को दूसरी बार सरपंच बनाया है, गौरतलब है कि बीते वर्षों में ही गेंदबाई के पति लल्लू बैगा की मौत हो गई थी, लल्लू बैगा दो बार के सरपंच थे और उनकी पत्नी एक बार यहां की सरपंच रह चुकी हैं।

#### पैरीबहरा में जयवीर ने मारी बाजी

पैरीबहरा में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में जयवीर पाव को 278 मत मिले, केशप्रसाद को 273,लल्लू सिंह को 236, मान सिंह को 84, शोभलाल पाव को 179 एवं नोटा को 15 मत मिले। वहीं पकरिया ग्राम पंचायत में लोगों ने रेखा दीपक चौधरी परिवार पर भरोसा जताया है और स्थानीय समाज सेवी बुद्धू दीपक चौधरी की समर्थित प्रत्याशी गेंदबाई को भारी अंतर से चुनाव मैदान में जीत दर्ज करवाई है, प्राप्त नतीजे के अनुसार सरपंच पद के लिए सिर्फ दो ही प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें महिला प्रत्याशी गेंद बाई बैगा और एक अन्य प्रत्याशी मैदान में थे, यहां 1666 मत पड़े थे, जिसमें 13 मत नोटा में गए और विजयी प्रत्याशी को 1118 मत प्राप्त हुए। गेंद बाई ने अपने निकटतम प्रत्याशी को 548 मतों से पराजित कर सरपंच की कुर्सी पर विजय हासिल की है।

#### लंबे अंतर से हारे भाजपा प्रत्याशी

धनपुरी नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 28 में बीते दिनों संपन्न हुए पार्षद पद के उप चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं, पूर्व में भी यह वार्ड कांग्रेस के पास था, बीते दिनों हुए मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री गीता कोल ने भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता रमेश कोल को 102 मतों के भारी अंतर से पराजित कर जीत हासिल की है। कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री गीता कोल को 348 मत प्राप्त हुए, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता रमेश कोल को 246 मत मिले हैं।

#### कांग्रेसियों में हर्ष

28 वार्डो वाले नगर पालिका परिषद धनपुरी में 13 पार्षद कांग्रेस के थे, जबकि भाजपा की झोली में 9 पार्षद गए थे, शेष निर्दलीय प्रत्याशी थे, लगभग 2 वर्ष पहले हुए चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के पार्षदों को तोडक़र खुद अध्यक्ष की कुर्सी हासिल कर ली और उपाध्यक्ष की कुर्सी गुप्त समझौते के तहत कांग्रेस को दे दी थी, कुछ निर्दलीयों ने भी कांग्रेस को और कुछ ने बीजेपी को समर्थन दिया था, यह माना जा रहा था कि बीते दिनों हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र से 4000 से अधिक मतों से जीत हासिल की थी, जिसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि वार्ड नंबर 28 में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को पटकनी दे सकती है। कांग्रेस के खेमे में बड़े अर्से के बाद खुशी का माहौल दिख रहा है।

## विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**शहडोल।** मुख्यालय में स्थित विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र, मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं भारत सरकार द्वारा आयोजित मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता रखी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. परमानंद तिवारी पूर्व प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर. आर. सिंह डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र संगठन, विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप तिवारी सहायक प्राध्यापक पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल, डॉ. हरीश गुप्ता संचालक विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज, डॉ. नम्रता पटेल प्राध्यापक विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कई छात्र -छात्राओं ने मेरा भारत विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, इसमें प्रथम स्थान दीपाली प्रजापति, द्वितीय स्थान साधना बैग और तृतीय स्थान अंकित साहू और शरणजीत सिंह का रहा। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सीनियर स्टाफ राज किशोर दुबे, मनीष गुप्ता, उमेश सोंधिया, अर्पिता पांडे, किरण साहू, शिवानी सिंह राजपूत, प्रीति विश्वकर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, आशु प्रजापति, संध्या सेन, शारदा जायसवाल, ज्योति गुप्ता, हर्षित मिश्रा, प्रियंका आदि स्टाफ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन सरिता जायसवाल द्वारा किया गया।




## आग तापते समय मोबाइल की फूटी बैटरी, किशोर घायल

**शहडोल।** ठंड में किशोर को आग तापना काफी महंगा पड़ गया घर के सामने पड़े कचरो को जमा कर किशोर ने आग लगा दी और उसे तापने लगा तभी उसमें पड़ी एक पुरानी बैटरी फूट गई जिससे किशोर को गंभीर चोट पहुंची है। किशोर जिला अस्पताल में भर्ती है जिसका उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि सूरज कोल पिता सुशील कोल 16 वर्ष निवासी कोनी सोहागपुर घर के सामने फैले कचरे में आग लगाकर ताप रहा था, उसी दौरान कचरे में पड़ी मोबाइल की बैटरी फूट गई। जिससे किशोर गंभीर रुप से जल गया। परिजनों ने घायल अवस्था में उसको लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। घायल ने बताया कि उसे नही मालूम था कि कचरे में बैटरी पड़ी है, ठंड से परेशान होकर वह कचरे में आग लगाकर ताप रहा था, इसी दौरान बैटरी फूट गई, घटना में किशोर का सीना व हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया है।



## विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्विद्यालय के कृषि संकाय के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्थित एग्री क्लीनिक बीज उत्पादन समिति बीज प्रक्रिया केंद्र और शासकीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया। बीज प्रक्रिया केंद्र में विद्यार्थियों की मुलाकात भानु प्रताप सिंह पूर्व कृषि विशेषज्ञ से हुई, जिन्होंने विद्यार्थियों को एक अच्छे बीज के गुण के साथ बीज के प्रकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही बीज को खेत में उगने से लेकर बीज प्रक्रिया केंद्र तक लाने की छोटी-छोटी बारीकियों के बारे में बताया। बीज सहकारी समितियों में बीज उत्पादन के लिए पंजीयन की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। प्रक्रिया केंद्र में स्थित ग्रेडर तथा ग्रैविटी सेपरेटर मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में तो बताया। साथ ही उसे क्रियाशील रूप में बच्चो को दिखाया की कैसे बीज के पूरे लॉट में से अच्छे दाने के बीजों को अलग किया जाता है। विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों को बड़ी सहजता से समझाते हुए उनकी भाषा में उत्तर दिया। उसके तदुपरांत उसी प्रांगण में उपस्थित शासकीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में भ्रमण कराया गया, जहां प्रयोगशाला के साइंटिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार राणा ने विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में उपस्थित उपकरणों की उपयोगिता के साथ उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकरी दी तथा मिट्टी की कृषि में मुख्य भूमिका के साथ उसके स्वास्थ का ख्याल रखने के लिए सॉल हेल्थ कार्ड के सभी बिंदुओं को अच्छे से समझाया, क्यूंकि सॉल हेल्थ कार्ड को सिर्फ देखने से ही हमारी मिट्टी की अच्छाइयों के साथ कमियों के बारे पता चल जाता है। विद्यार्थियों का यह भ्रमण कृषि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ममता प्रजापति के निर्देशन में पूर्ण किया गया, साथ ही कृषि विभाग के शिक्षक डॉ. प्रिया सिंह तथा रामविकाश जायसवाल उपस्थित थे।



### टेनिस बॉल टूर्नामेंट में एसीसी अमझोर ने देवेंद्र इलेवन को 4 विकटों से हराया

**जयसिंहनगर।** सीएम राइज विद्यालय मैदान में 25 दिसम्बर से जेपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के 12 वें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। विगत 12 वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 08 जनवरी को इसका फाइनल मुकाबला एसीसी अमझोर और देवेंद्र इलेवन छपडौर के मध्य खेला गया, जिसमें एसीसी अमझोर के कप्तान अतुल तिवारी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देवेंद्र इलेवन ने 18.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 148 रन बनाए। जवाब में एसीसी अमझोर ने 18.1 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मेहुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट छटके जबकि देवेंद्र इलेवन की ओर से गौरव सिंह ने 25 गेंदों में 1 चौका एवं 4 शानदार छक्के लगाए। जवाब में एसीसी अमझोर की ओर से मेहुल 40 गेंदों में शानदार 71 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज बनें, उन्हें मैन ऑफ द मैच 3500 एवं मैन ऑफ द सीरीज 7500 की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गयी। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम एसीसी अमझोर को नगद 51000 रुपए एवं ट्रॉफी जबकि उपविजेता टीम देवेंद्र इलेवन छपडौर को नगद 25500 रुपए की राशि प्रदान की गयी।जयसिंहनगर प्रीमियर लीग के 12 वें संस्करण में अध्यक्ष नगर परिषद सुशीला चक्रधारी शुक्ला, संरक्षक विमलेश मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक मरावी, रामनारायण पाण्डेय, रावेन्द्र मिश्रा, राजेश द्विवेदी, निर्मल द्विवेदी, संकुल प्राचार्य राजीव तिवारी, सातिका प्रसाद तिवारी, मनोज गौतम, संपत मिश्रा, राकेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, सीतेन्द्र पयासी और पंकज पांडेय सहित अजय तिवारी, अनुपम द्विवेदी, दिवाकर पयासी, विश्वजीत पयासी, राकेश गौतम, नीतेश द्विवेदी, प्रदीप पाण्डेय जबकि प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में आनंद त्रिपाठी, संदीप कुमार पाण्डेय, अनिल वर्मा व गुलाब वर्मा जबकि शैलेंद्र सिंह राजकुमार यादव, शेखर सिंह एवं द्वारिका प्रजापति कमेंट्री करते नजर आए। प्रतियोगिता में ऑनलाइन स्कोरर अंकित सोनी व अर्पित गुप्ता जबकि सत्येंद्र उपाध्याय ऑफलाइन स्कोरर के रुप में रहे।

# अम्बिकापुर से जबलपुर सहित कई ट्रेनें आज से हुई रद्द

**शहडोल।** दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से कटनी और आगे की गंतव्य तक जाने वाली ट्रेनों के पहिए आज से थम गए हैं। जिसमें जबलपुर से अंबिकापुर, बिलासपुर से इंदौर, बिलासपुर से भोपाल पैसेंजर, शटल और मेमू सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन 9 जनवरी और 10 जनवरी से सप्ताह भर के लिए रद्द कर दिया गया है। रेलवे विभाग बिलासपुर के द्वारा जारी पत्र में तमाम ट्रेनों के रद्द किए जाने को लेकर समय सारणी जारी की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत तीसरी लाइन कनेक्टिविटी को लेकर एक बार फिर बड़ी संख्या में ट्रेनों के रद्द होने की जानकारी दी गई है। जिसमें इन बिलासपुर से इंदौर तक जाने वाली 18234 नर्मदा एक्सप्रेस सहित इस रूट की कई महत्वपूर्ण ट्रेन कैंसिल की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी हेतु प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जायेगा। इसके फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी हेतु प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी। प्रभावित होने वाली गाड़ियों का विवरण इस प्रकार है:-

#### रद्द होने वाली गाड़ियां

10 जनवरी से 16 जनवरी तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी, 10 से 16 जनवरी तक चँदिया रोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल, 10 से 16 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल, 10 से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल,11, 13 व 16 जनवरी को चिरमिरी से रवाना होने वाली 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल, 11, 13 व 16 जनवरी को अनूपपुर से रवाना होने वाली 05756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल, 10, 12 व 15 जनवरी को रीवा से रवाना होने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस, 11, 13 व 16 जनवरी को चिरमिरी से रवाना होने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस, 08 से 16 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 09 से 17 जनवरी तक इंदौर से रवाना होने वाली18233 इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, 07 से 16 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 09 से 18 जनवरी तक भोपाल से रवाना होने वाली 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस, 09 से 16 जनवरी तक जबलपुर से रवाना होने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस,10 से 17 जनवरी तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली 11266 अम्बिकापुर- जबलपुर एक्सप्रेस, 08 से 16 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, 09 से 17 जनवरी तक रींवा से रवाना होने वाली गाड़ी 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, 09 से 15 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस,10 से 16 जनवरी तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस,11 व 15 जनवरी को लखनऊ से रवाना होने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस, 12 व 16 जनवरी को रायपुर से रवाना होने वाली 12536 रायपुर- लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस, 13 को उदयपुर से रवाना होने 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस,14 जनवरी को शालीमार से रवाना होने वाली 20972 शालीमार- उदयपुर एक्सप्रेस,10 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस, 11 जनवरी को जबलपुर से रवाना होने वाली 20827 जबलपुर- सांतरागाछी एक्सप्रेस,13 जनवरी को शालीमार से रवाना होने वाली 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस, 16 जनवरी को भुज से रवाना होने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस, 14 जनवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, 5 जनवरी को अजमेर से रवाना होने वाली 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, 10 जनवरी को रानी कमलापति से रवाना होने वाली 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 11 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



#### रास्ते में समाप्त/प्रारम्भ होने वाली गाड़ियां

10 से 16 जनवरी तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08750 अम्बिकापुर - शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा अनुपपुर-शहडोल के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 10 से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08749 शहडोल-अम्बिकापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर से प्रारम्भ होगी तथा शहडोल-अनूपपुर के मध्य रद्द रहेगी।

#### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

08 से 14 जनवरी तक बरौनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट के रास्ते चलेगी। 09 से 15 जनवरी तक गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलेगी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने तीन स्थानीय अवकाश किया घोषित

**उमरिया।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना एवं सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के अनक्रमांक 4 में विहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने उमरिया वर्ष 2024 जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है जिसमें 26 मार्च होली का दूसरा दिन, 20 अगस्त रक्षाबंधन का दूसरा दिन एवं 1 नवंबर दीवाली का दूसरा दिन शामिल है।

### सरपंच पद का परिणाम घोषित

**उमरिया।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 उत्तरार्ध्द हेतु पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान 5 जनवरी को संपन्न हुआ। मानपुर के परासी के लिए सुदामा महोबिया तथा बेली के लिए केमली बाई सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई है।

### नपा द्वारा जगह-जगह की गई अलाव की व्यवस्था

**उमरिया।** जिला मुख्यालय उमरिया में कड़ाके की ठंड को दृष्टि गत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के निर्देश पर नगर पालिका परिषद उमरिया द्वारा शहर में जगह-जगह अलाव जलाया जा रहा है ताकि निराश्रितों, घर से बाहर व्यापारियों, यात्रियों, ग्राहकों को ठंड में राहत मिले। स्वच्छता निरीक्षक नारायण दुबे के नेतत्व में नगर पालिका द्वारा जिला अस्पताल, बस स्टैंड, गांधी चौक, रैन बसेरा, रेलवे स्टेशन, रानी दुर्गावती चौक, जय स्तंभ, पुराना बस स्टैंड तथा घांघरी नाका में अलाव की व्यवस्था की गई है जिस से गरीब निराश्रितों को ठंड में लाभ मिल रहा है। साथ ही नगर पालिका द्वारा रैन बसेरा में रुकने की व्यवस्था की गई है जिसमे ठंड से बचाव की सभी व्यवस्था, रजाई पलंग गद्दा, तकिया, अलाव, गरम पानी हेतु हिटर आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क है। आश्रय स्थल का पता स्टेशन के पास सगरा मंदिर तिराहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की गई है की बच्चे और बुजुर्ग आवश्यक न होने पर घर से न निकले एवं कोई खुले में निराश्रित व्यक्ति, यात्री या नागरिक दिखे तो आश्रय स्थल पहुंचाएं ताकि ठंड में सभी को राहत दिलाई जा सके।

### सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन 12 को

**उमरिया।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जिले भर में किया जाएगा। जिला मुख्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह एवं बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिव नारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में प्रातः 8:30 बजे से किया गया है । कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कक्षा 6 से ऊपर की कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थी, समाज के सभी वर्ग के लोग तथा शासकीय सेवकों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारी संगठनों तथा पत्रकारों एवं शासकीय सेवकों से कार्यक्रम में सहभागी बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में मिनट टू मिनट कार्यक्रम, टेंट माईक की व्यवस्था, साफ -सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग व्दारा चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। रेडियो के माध्यम से प्रातः 8:30 बजे से 10330 बजे तक मिनट टू मिनट कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अखिलेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



राजस्व-वन विभाग के जिम्मेदारों के संरक्षण में चल रहा खेल

# नदी की छाती चीर निकाली जा रही रेत

### मजदूर लगाकर नदी-नालों का माफिया कर रहे दोहन

प्राकृतिक छटा के बीच दर्जनों नदियां बहती हैं, लेकिन नदियों का दोहन अब चिंता का विषय बन गया है। सरकार किसी की हो रेत माफियाओं का तिलिस्म कोई तोड़ नहीं पाया, इन नदियों को दोहन कर लाखों का कारोबार फल-फूल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाली छोटी नदिया, नाले अब माफियाओं के निशाने पर है, लेकिन जिम्मेदार अमला मौन साधे बैठा है।



**उमरिया।** राजनेता और दबंगों की निगाह में चमकती रेत का काला कारोबार भाने लगा है। इससे इतर एक बड़ा सवाल यह है कि क्या नदियों का अस्तित्व बच पाएगा, वर्तमान में जिले में रेत की खदाने संचालित नही हो रही है, संभागीय मुख्यालय से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में वन सहित राजस्व क्षेत्र से कई नदी-नाले बहते हैं, जिनमें उच्च गुणवत्ता युक्त रेत तो नहीं है, लेकिन काली रेत जरूर रहती है, जिससे नदी-नालों का जल स्तर बना रहता है, लेकिन अब रेत माफियाओं की नजर में यह चुभने लगा है, शाहपुर-खोलखम्हरा के बीच बने वाली नदी के चकरा घाट के नीचे से लगातार रेत का अवैध उत्खनन माफियाओं द्वारा कराया जा रहा है, उक्त रेत की सप्लाई निजी निर्माण कार्य के अलावा आस-पास की ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।





#### वन-राजस्व की मूक सहमति

जिले के अंतिम छोर पर स्थित शाहपुर और खोलखम्हरा के बीच बहने वाले नदी-नालों से पिछले कुछ माहो से अनवरत खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। शाहपुर-खोलखम्हरा सहित नरवार में नदी के दोहन के साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त होने की ओर है। इस अवैध उत्खनन से नदी नालों की भौगोलिक संरचना भी परिवर्तित हो रही है। रेत से भरे वाहन खुलेआम मुख्य मार्गों से होकर पुलिस की नजरों के सामने से गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। ऐसी चर्चा है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस इन माफियाओं पर कार्रवाई करने से परहेज करती है।

#### नदियों के अस्तित्व पर संकट

रेत की अवैध उत्खनन पर रोक लगने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में खनन जारी है, घुनघुटी चौकी अंतर्गत शाहपुर-खोलखम्हरा के बीच बहने वाली नदी में रात व दिन रेत खनन और परिवहन खुलेआम चल रहा है। ज्यादातर रात के अंधेरे में नदी में मदूरों के माध्यम से किया जाता है, रेत पहले घाट पर इक_ा की जाती और फिर ट्रैक्टर से रेत की सप्लाई की जाती है, दूसरी ओर ग्रामीणों के अलावा वन, पुलिस व राजस्व अधिकारियों को भनक तक नहीं है। रेत माफिया मनमुताबिक कीमत में रेत बेच रहा हैं, इससे शासन को राजस्व का नुकसान तो ही रहा है, साथ ही नदियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है, इस पूरे खेल के पीछे पाठक नामक रेत माफिया का हाथ बताया गया है।

#### जिम्मेदार नहीं करते कार्रवाई

रेत के अवैध कारोबार में सफेदपोश नेताओं का हाथ तो होता ही है, लेकिन शाहपुर-खोलखम्हरा के बीच प्रशासिनक अधिकारियों से रेत का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, पाठक नामक रेत माफिया को राजस्व सहित पुलिस का खुला संरक्षण मिला हुआ है, कथित माफिया द्वारा नदियों में मजदूरों के माध्यम से रेत निकलवाई जाती है, नदियों से पहले गुर्गो को लगाया जाता है, जिससे वह क्षेत्र में रैकी करते हैं, नदी तरफ जाने वाले वाहनों की सूचना नदी के पास खड़े गुर्गे तक पहुंचाई जाती है, काली रेत की सप्लाई निजी कार्यो के साथ ही ग्राम पंचायतों में भी किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार कभी भी कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठाते।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने किया जन समस्याओं का निराकरण



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले भर से आने वाले आवेदकों की समस्याओं का कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने त्वरित निराकरण कराया।

पशु चिकित्सा विभाग से आए जनार्दनाचार्य तिवारी ने बताया कि सेवा निवृत्त होने के पश्चात उनका पीपीओ जारी नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी से इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि पीपीओ जारी हो चुका है, लेकिन पता सही नहीं होने के कारण उनके पास तक डाक के माध्यम से नही पहुंच पाया। जनसुनवाई में ही कलेक्टर ने तत्काल उन्हें पीपीओ प्रदान किया। इसी तरह आमाडोंगरी से आई कुंती बाई ने कोटेदार व्दारा राशन बंद कर देने, वार्ड नंबर-04 चंदिया से आई सवीना बी ने रास्ता खुलवाने, करकेली से आई नेहा सिंह रघुवंशी ने ईडब्यू ई एस कार्ड बनवाने, मजमानी से आए राम नरेश ने आरोग्य धन वर्षा की राशि लौटाने, उमरिया से आए राज कुमार गुप्ता ने सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिलाने तथा धनवार से आए पूरनलाल नाई ने बैंक व्दारा धोखाधड़ी करने संबंधी आवेदन किया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टीस कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, तहसीलदार सतीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियो ने सुनवाई की।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

### गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारी बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में तैयारी बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन प्रातः 9 बजे अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व स्कूली बच्चों व्दारा नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सभी स्कूलों के बच्चे हाथ मे तिरंगा झण्डा लेकर कतारबध्द तरीके से कालरी स्कूल में प्रातः 7.30 बजे एकत्रित होगे जहां से नगर भ्रमण करते हुए मुख्य समारोह में उपस्थित होगे। गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में सायं 4 बजे से गणतंत्र दौड का आयोजन किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, ऐहतिहासिक महत्व के स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, तहसीलदार सतीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।



कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विकास विभागों व्दारा विकास पर आधारित चलित झांकिया निकाली जाएगी, जिसमें पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, उद्योग विभाग, मतदाता जागरूकता अभियान, शिक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आईटीआई, जल संसाधन विभाग सहित अन्य, विभागों की झांकियां शामिल रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं व्दारा देश भक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में परेड का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला पुलिस बल, पुलिस प्रशिक्षण शाला, होमगार्ड, शौर्या दल, वन विभाग, एनसीसी, स्काउट तथा जवाहर नवोदय विद्यालय की विभिन्न टुकडिया भाग लेगी। जवाहर नवोदय विद्यालय दुब्बार का बैण्ड दल परेड मे सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवको, सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग प्रमुखों को 16 जनवरी तक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव अपर कलेक्टर के कार्यालय मे भेजने के निर्देश दिए गए है। गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोक तंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन सायं 6 बजे से सामुदायिक भवन उमरिया मे किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों तथा संगीत प्रेमी लोगों से उपस्थित रहने की अपील की गई है। बैठक में कलेक्टर व्दारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन की जवाबदारियां भी सौंपी गई । कार्यक्रम के संचालन की जिम्मे दारी सुशील मिश्रा को सौंपी गई है।

## धार्मिक और सामाजिक कार्यों में महिलाएं बढ़-चढ़कर ले रही हिस्सा

### 22 जनवरी को निकाली जायेगी सियाराम जी की झांकी

**जमुना/बदरा।** कोयलांचल नगरी पसान मे राष्ट्रीय महाकाल महिला मोर्चा संगठन अध्यक्ष लक्ष्मी देवी मिश्रा द्वारा समस्त पदाधिकारी एवं सखी बहनों सहित प्रदेश प्रभारी श्रीमति पुष्पा मिश्रा, प्रवक्ता सरोज मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी मिश्रा, कान्ति मिश्रा, मंजुला मिश्रा सचिव भारती मिश्रा, जिला अध्यक्ष सीता मिश्रा उपाध्यक्ष शिवलोचना मिश्रा, जिला सचिव मोना मिश्रा, संगीता मिश्रा, सबिता मिश्रा प्रिया मिश्रा एवं महामंत्री अनुभूति मिश्रा दीदी सवि तिवारी मीनाक्षी मिश्रा खुशबू मिश्रा ममता मिश्रा स्वाति मिश्रा प्रभा तिवारी नीलम गर्ग मीना मिश्रा सत्यभामा तिवारी मीडिया प्रभारी शिवानी तिवारी राष्ट्रीय महाकाल सेना महिला मोर्चा संगठन के समस्त के साथ मिलकर 22 जानवरी के दिन अपने ग्राम स्थित माँ दुर्पता मंदिर मे रामायण भजन कीर्तन कर दीप प्रज्वलित एवं भंडारा कराये जाने के सन्दर्भ मे चर्चा किया गया जिसमे सभी को भरपूर सहयोग दिए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक मे निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को सियाराम की झांकी निकालकर कार्यक्रम करना है जिसमें सही महिलाओं का सहयोग अनिवार्य है। महिला कार्यकतार्ओं से आग्रह किया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महाकाल महिला मोर्चा संगठन पसान द्वारा आयोजित की जा रही है।



## बिजुरी थाना द्वारा सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों में दी जाती है झूठी जानकारी

**बिजुरी।** जिले की सबसे चर्चित थाना बिजुरी जो भ्रष्टाचार के साथ-साथ मुख्यमंत्री की सबसे कल्याणकारी योजना सीएम हेल्पलाइन में भी झूठी जानकारी देकर प्रशासन को गुमराह करने में लगी हुई है, अभी कुछ दिनों पहले रेत माफियाओं का पुलिस व रेत माफिया के साथ साठ गांठ का वायरल हुआ ऑडियो जो नगर के साथ-साथ पूरे जिले व संभाग में चर्चा का विषय बना हुआ था जो पुलिस प्रशासन के निष्पक्षता पर कई सवाल खड़े कर रहा है, बिजुरी पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से परेशान व त्रस्त होकर इधर आम जनमानस द्वारा सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेकर न्याय की उम्मीद की गई, मगर भ्रष्टाचार में लिप्त बिजुरी पुलिस द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी झूठी जानकारी देकर प्रशासन को ही दिगभ्रमित करने लगी, जिससे लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश पनप रहा है, शिकायत कर्ता ने बताया कि मेरे द्वारा शिकायत पर कार्यवाही ना किए जाने से बिजुरी थाने के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी मगर बिजुरी थाने द्वारा उस शिकायत में मेरे से संपर्क न कर उल्टा प्रशासन को झूठी जानकारी देकर प्रशासन को ही दिग्भ्रमित करने में लगा हुआ है, जिससे मध्य प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन से भी लोगों की न्याय की उम्मीद में पानी फिरता नजर आ रहा है। बिजुरी थाने में इस प्रकार से कई सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में झूठी जानकारी देकर आम जनमानस में सीएम हेल्पलाइन के प्रति भी न्याय की उम्मीद को कम करता जा रहा है, प्रदेश सरकार को चाहिए कि सीएम हेल्पलाइन जैसे शिकायतों के प्रति लापरवाही बरतने वाले ऐसे अधिकारियों को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे लोगों में सीएम हेल्पलाइन के प्रति जो उम्मीद थी वह कायम रह सके।




## संध्या सांस्कृतिक कमेटी बदरा ने संपन्न कराया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जमुना/बदरा।** संध्या सांस्कृतिक कमेटी के सचिव नूर मोहम्मद तन्हा ने बताया कि 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि एसआर शर्मा सब एरिया मैनेजर बदरा कालरी के द्वारा मां सरस्वती के फोटो पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्जोवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। दीप प्रज्वलन के बाद सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा सरस्वती वाणी वंदना गाया गया। इसके पश्चात सीएम राइज की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रतियोगिता का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बदरा, पकरिया एवं सकोला के विद्यालयों के छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लगभग 7 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लिये जिनमें सरस्वती शिशु मंदिर बदरा प्राथमिक पाठशाला कुशियारा, सीएम राइज स्कूल बीमा ग्राम, सीएम राइज माध्यमिक शाला बदरा, सीएम राइज हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी कन्या बदरा, माध्यमिक बदरा, प्राथमिक शाला सकोला एवं कमल पब्लिक स्कूल पकरिया ने भाग लिया। कार्यक्रम के मध्य में अति विशिष्ट अतिथि एसआर शर्मा द्वारा बच्चों का हौसला आफजाई किया गया। बदरा कालरी के फोरमैन लक्ष्मी तिवारी एवं सेठी साहब का सम्मान भी कमेटी द्वारा किया गया जमुना/कोतमा क्षेत्र के एसओसी (सिविल) के द्वारा भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई। कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राथमिक पाठशाला बीमा ग्राम, सरस्वती शिशु मंदिर, कमल पब्लिक स्कूल प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं, इन पुरस्कारों को सुश्री उषा किरन गुप्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनूपपुर के द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम को संपन्न कराने में तीन जजों का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिनमें मनोज तिवारी, किशोर तिवारी, राम लखन विश्वकर्मा का रहा है तथा वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया, मोइन खान, बैजनाथ, अरुण चौधरी, पंच गणेश बैग, उमा सिंह, रत्ना तिवारी, चरण दास, ग्राम पंचायत बदरा की मोबिलाइजर अर्चना सिंह, दिलीप शुक्ला, पंचअशोक कोल, बेबी सिंह, राजा स्टूडियो, रमणिक लाल साहू, फोटोग्राफर दिनेश साहू, भोजराज पंच इत्यादि लोगों का इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में सहयोग रहा है।



## जमुना कोतमा क्षेत्र में एटक की बैठक में गुटबाजी समाप्त

**जमुना/बदरा।** विगत दिनों जमुना-कोतमा क्षेत्र के एटक युनियन मे कार्यकतार्ओं में काफी मतभेद हो गए थे आठ जनवरी को एटक के केंद्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह एवं केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा तथा कामरेड राजेश कुमार शर्मा क्षेत्रीय सचिव सोहागपुर क्षेत्र की उपस्थिति में क्षेत्रीय समीति की बैठक कामरेड राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम क्षेत्रीय सचिव कॉमरेड लालमन सिंह ने नेताओं का नव वर्ष में स्वागत किया और संगठन के संबंध में संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत किया। केंद्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह ने सबकी बातें सुनने के बाद संगठन के सम्बन्ध में विस्तार से दिशा निर्देश दिया उन्होंने कहा एकताबद्ध होकर के संघर्ष करें तभी हम आगे बढ़ेंगे अनुशासन संगठन की जान है किसी भी व्यक्ति को अनुशासनहीनता करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ठेका मजदूरों की लड़ाई प्राथमिकता के आधार पर लड़नी है जिस प्रकार से विश्रामपुर क्षेत्र के एटक के साथियों ने ठेकेदार से लड़ाई कर न केवल एच पी सी वेज का भुगतान कराया बल्कि पिछले दिनों का 6 लाख रुपया एरियर्स का भुगतान कराया वैसे ही सभी क्षेत्रों मे सफलता हासिल करनी है। अपने उद्बोधन में केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा ने विश्रामपुर क्षेत्र में 20 दिसंबर को हुए सम्मेलन का जिÞक्र करते हुए कहा कि कोयला मजदूरों ने चंदा इकट्ठा कर क्षेत्रीय सम्मेलन कराया है एक मिसाल है 1000 लोगों की विशाल वाहन रैली पाँच सौ से ज्यादा कार्यकर्ता लाल टी शर्ट पहने हुए थे। कामरेड राजेश शर्मा ने संगठन को मजबूत करने का दिशा निर्देश दिया सर्व सम्मति चर्चा उपरांत हम सब एक हैं के नारे के साथ उपस्थित 70 कार्यकर्ताओ ने एक होकर संगठन को आगे बढाने का संकल्प लिये। कार्यकर्ताओ ने कहा कि जमुना कोतमा क्षेत्र में भी सम्मेलन के लिये चंदा इकट्ठा किया यूनियन के फंड से सम्मेलन नहीं होगा यही से जमुना कोतमा क्षेत्र में यूनियन के एकता का संदेश सभी क्षेत्रों में गूंजेंगी बैठक के अन्त में कामरेड राजकुमार शर्मा ने बेहतर मीटिंग के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।

# खैरहा में खुला थाना, चोरों में डर नहीं

## एक लाख रुपए से अधिक मूल्य का केबिल ले उड़े गिरोह के चोर

पुलिस विभाग द्वारा शहडोल जिले के खैरहा में थाना तो खोल दिया गया लेकिन लगता है की खैरहा थाना के ग्रह नक्षत्र ठीक नहीं चल रहे हैं। कहीं गिरोह बंद चोर सरेआम चोरी को अंजाम देते हैं, तो कहीं चोरी पकड़ने जाने पर पुलिस दल पर ही हमला हो रहा है।






धनपुरी ।

इस प्रकार की घटनाएं जहां एक और पुलिस की सख्ती पर सवालिया निशान लगाती है वहीं दूसरी ओर दिनों दिन बढ़ रही अराजकता का संकेत भी मिलता है। सवाल यह उठता है कि खैरहा थाना आखिर कब तक यूं लाचार सा बैठा रहेगा, क्या खैरहा थाना में सख्त थाना प्रभारी और पर्याप्त बल की व्यवस्था विभागीय अधिकारी उपलब्ध करा पाएंगे।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया खैरहा थाना अंतर्गत खैरहा यूजी माइंस में 7 जनवरी कि रात 20-30 की संख्या में अज्ञात कबाड़ चोरों के द्वारा खदान के अंदर प्रवेश कर खदान में रखें लगभग 100 मीटर केविल 1 लाख रुपए कीमत की चोरी कर लिया। खान प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि 7 जनवरी को शाम होते ही काफी संख्या में अज्ञात चोरों के द्वारा खदान में रखें केवल की चोरी क्यों लगभग 100 मीटर। होना बताया गया खान प्रबंधक के द्वारा हंड्रेड डायल को फोन किया गया। अज्ञात चोरों के द्वारा खदान में सुरक्षा कर्मियों को फर्सा गले में लगाकर डरा धमका कर चोरी को अंजाम दे रहे हैं। प्रबंधन द्वारा चोरी की रिपोर्ट खैरहा थाना में दी जाती है।

रेत माफिया की तरह कबाड़ माफिया पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा अगर सख्ती से कार्यवाही की जाए तो खदानों से आए दिन चोरी से प्रबंधन को हो रही परेशानी व नुकसान से बचाया जा सकता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों के द्वारा समूह बनाकर घातक हथियारों से लैस होकर खदान में प्रवेश करते हैं उन्हें रोक पाना मुश्किल हो जाता है ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों डरा धमका हर दिन खदान में हजारो लाखो रूपऐ कि कीमती पार्ट्स केवल की चोरी होती है

खैरहा भूमिगत मांईस खैरहा थाना से लगा हुआ है फिर भी आए दिन खदान मे चोरी से कालरी प्रबंधन इतना परेशान हो गया कि चोरी के चलते वर्कशॉप महत्वपूर्ण कार्य ना होने के चलते कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है ।आए दिन केवल ,कीमती आर्ट्स चोरी से प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है खदानों इस तरह आए दिन चोरी होने पर कोयला उत्पादन और टारगेट कैसे पूरा होगा,अगर चोरी पर अंकुश न लगा तो भविष्य मे खदान बंद करने की नौबत आ सकती है ???

### इनका कहना है

खैरहा माइंस में चोरी की घटना पर सूचना हंड्रेड डायल को बुलाया गया था लेकिन तब तक चोर हाथ साफ कर चुके थे।

**एसपी सिंह खान**
**प्रबंधक खैरहा**

## खबर संक्षेप

### जनसेवा मित्रों द्वारा मऊगंज विधायक को ज्ञापन सौंपा गया

**मऊगंज।** जिले के हनुमना और मऊगंज ब्लॉक के जन सेवा मित्रों द्वारा मऊगंज विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया जिसमे जन सेवा मित्रों ने कहा की नियुक्ति के बाद जब हम लोगो का भोपाल के सम्मेलन मे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के निर्देश में हुआ था , सम्मेलन सभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था की आप लोग इसी तरह कार्य करते रहिए, आपके भविष्य की चिंता आपका मामा करेगा। और मुख्यमंत्री ने कहा था कि ये योजना आगे भी चलती रहेगी। हम लोग चाहते है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हम जन सेवा मित्रों के लिए जो घोषणा की थी, उसको पूरा किया जाए और हम लोगो का सेवावृद्धि स्थायी किया जाए।

### पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। आज वार्ड क्र. 42 बिछिया में पासी मोहल्ला से लेकर मुज्जू की पुलिया के पास नीचे की तरफ का बड़ा नाला की सफाई के साथ ही वार्ड 5 हरिजन बस्ती के बडे.नाले की सफाई कराई गई। वार्ड 14 अल्प आय वर्ग सोसाइटी के बगल का अतरा की सफाई कराई गई। वार्ड 10 में श्रीजी गार्डेन एरिया में कचरे की सफाई कराई गई। वार्ड 44 बाणसागर भू अर्जन कार्यालय के बगल का अतरा की सफाई तथा रानीतालाब मेड़ की सफाई कराई गई साथ ही टैम्पो एवं ट्रैक्टर द्वारा कचरे का उठाव कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी एवं मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

### मछली मारने के दौरान पलटी नाव मे डूबे युवक का शव 42 घंटे बाद मिला।

**रीवा।** जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के टमस नदी के अमिलकोनी डैम के समीप मछली मारने के दीवान नाव पलट जाने के कारण एक युवक नदी में डूब गया था घटना के करीब 42 घंटे बाद युवक का शव रेस्क्यू कर नदी से बाहर निकाला गया है जिसके बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, मिली जानकारी के अनुसार अमिल कोनी निवासी मंगल माझी उम्र 35 वर्ष रविवार की दोपहर नव से अमिलकोनी डैम टमस नदी पर मछली मारने गया हुआ था इसी दौरान अचानक नव अनबैलेंस होकर पलट गई थी, जिसके चलते युवक मंगल माझी भी पानी के तेज बहाव में बह गया था परिजनों को इसकी जानकारी देर शाम हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद सोमवार की सुबह से सोहागी पुलिस सहित नगर सैनिकों की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी और युवक की तलाश टमस नदी में की जा रही थी घटना के तकरीबन 42 घंटे बाद युवक का शव रेस्क्यू कर नदी की गहराइयों से बाहर निकाला गया है, बताया गया है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई थी वहां पानी का बहाव काफी तेज है जिसके चलते रेस्क्यू टीम को युवक को तलाशने में परेशानियों का सामना करना पड़ा पुलिस ने मामले में मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस ने जीता पार्षद पद का उपचुनाव

## गीता वार्ड नंबर 28 की पार्षद बनी





**धनपुरी।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 28 के पार्षद पद के उप चुनाव के नतीजे सामने आने पर एक बार फिर से इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी गीता कोल विजयी हासिल कर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता रमेश कोल को बड़े लंबे अंतराल से हराकर चुनाव जीत लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने भारतीय जनता पार्टी को 102 मतों से हराया हैं, पूर्व में भी यह वार्ड कांग्रेस के पास था, बीते दिनों हुए मतदान कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री गीता कोल को 348 मत प्राप्त हुए, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता रमेश कोल को 246 मिले सुश्री गीता कोल की विजयी होने पर कांग्रेस व वार्डवासी ने बधाई दी। धनपुरी नगर पालिका में भाजपा अध्यक्ष का कब्जा होने के बाद भी दूसरी बार भाजपा प्रत्याशी को वार्ड नंबर 28 से हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव के बाद प्रभारी संतोष सिंह सेगर सुजीत सिंह चंदेल, हनुमान खंडेलवाल,राम सिंह, आनंद मोहन जायसवाल, आजाद मोहहम्द, विनय सिंह, मन्नू सिंह, अशोक सिंह ,मुकुल श्रीवास्तव, ने चंद्र प्रकाश गुप्ता, और एसपी सिंह ने बधाई दी।

# बरगवां सोडा फैक्टरी में निकाली भव्य अक्षत कलश यात्रा





अमलाई।

नगर परिषद बरगवां अमलाई में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा होना है जिसको पूरा देश हर्षोल्लास से मना रहा और जगह जगह अक्षत कलश यात्रा निकाल कर देशवासियों को न्यौता दिया जा रहा है इसी को देखते हुए बरगवां में भी अक्षत कलश यात्रा निकाली गई अक्षत कलश यात्रा सोडा फैक्टरी गांधीनगर से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए बरगवां प्राचीन हनुमान मंदिर में पहुंचकर सम्पन्न हुई इस दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता बने बच्चों ने लोगो का मन मोह लिया। बताया गया कि सभी को घर घर जाकर युवाओं द्वारा अक्षत देकर न्यौता दिया जायेगा। अक्षत कलश यात्रा का आयोजन मंडल प्रभारी सत्येंद्र तिवारी की अगुवाई में नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता, विमला दुबे, सारिका गुप्ता, राधिका नागपुरे, रानी, स्मिता शर्मा ममता विश्वकर्मा, निर्मला, आरती सरकार, करुणा सोनी, विवेक पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल, हेतराम शर्मा, जितेंद्र, अंकित दास, रजनीश, कालीचरण, विश्वनाथ सिंह, राम जी सिंह, बचऊ राय, अरुण ,सुभाष, विश्वनाथ कहार सहित बड़ी संख्या में रामभक्त सम्मिलित हुए।

# जूनियर डॉक्टर ने हड़ताल में जाने की बनाई रणनीति

**रीवा।** पसोपेश में एसजीएमएच के मरीज वेतन विसंगति को लेकर जूनियर डॉक्टर हड़ताल में जाने की रणनीति बनाई है। इस बात की भनक जैसे ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को लगी तो वे असमंजस में पड़ गये। फिलहाल जूनियर डॉक्टरो द्वारा मरीजों को आश्वासन दिया जा रहा है कि सरकार यदि उनकी मांगे मान ली तो वे हड़ताल पर नहीं भी जा सकते है। दो दिन पूर्व श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने वेतन विसंगति को लेकर आपस में बैठक की। जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी के नेतृत्व में हुई बैठक में यह तय किया गया कि शासन-प्रशासन को जगाने के लिए क्रमशः हड़ताल करेंगे, ताकि मरीजों को उपचार करवाने में कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाये। यदि शासन-प्रशासन उनकी मांगो को नजर अंदाज करती हैं तो 13 जनवरी से उपचार के लिए आने वाले मरीज एंव भर्ती मरीजों को सेवाएं देना बंद कर देंगे। इसके पूर्व यह तय किया गया है कि 10 जनवरी को समस्त जूनियर डॉक्टर्स प्रतिरात्मक रूप से काली पट्टी बांध कर चिकित्सीय सेवा करेंगे। पहले दिन के प्रतिरात्मक रूप पर किये गये हड़ताल में सरकार ने उनकी मांग को नहीं सुनी तो 11 एंव 12 जनवरी को ओपीडी एंव रूटीन सेवाएं बंद कर दी जायेंगी। तब भी सरकार नहीं मानी तो 13 जनवरी से आकस्मिक सेवाएं भी बंद कर दी जायेंगी और जूडा पूरी तरह से काम बंद हड़ताल पर उतर जायेंगे। इस संबंध में जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी ने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स को 3-4 माह से वेतन नहीं दिया गया है। जूनियर डॉक्टर्स की मांग है कि जनवरी माह के पहले तक का वेतन दिया जाये और साथ ही वजीफा का लाभ दिया जाये। इतना ही नहीं लिखित में दिया जाये कि प्रत्येक माह की 5 तारीख को जूनियर डॉक्टर्स का वेतन दे दिया जायेगा। जूडा अध्यक्ष ने बताया कि हड़ताल में जाने के पूर्व अपनी मांगो के संबंध में कलेक्टर सहित एसजीएमएच अधीक्षक, सीएमओ को लिखित में सूचना दे दी गई है।



# आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर की गई स्कूल बसों की जांच

**रीवा।** परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा द्वारा आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया।स्कूल में 4 बसे मौके पर मौजूद पाई गई जिसका मौजूदा स्टाफ ने भौतिक रूप से परीक्षण किया वाहनों के परमिट फिटनेस वैध पाए गए। वाहनों के भौतिक रूप से परीक्षण करने पर एक बस में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया और दूसरी बस में खिड़कियों में जाली लगी हुई नहीं पाई गई जिसके लिए परिवहन विभाग द्वारा मौके पर ही दोनों बसों पर चालानी कार्रवाही की गई।इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों के जांच का कार्य लगातार आज भी जारी रहा,आज किए गए जांच के दौरान 9 यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिसमें 6 बसे ऑल इंडिया परमिट पर चलती पाई गईं। कलेक्टर के आदेशानुशार मार्ग पर कोहरे को देखते हुए स्कूल बसों के विरुद्ध दूर दराज के ग्रामीण इलाकों पर जाकर आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा यह जांच की गई। रीवा जिले में सिरमौर के आगे जवा पटेहरा अतरैला मार्ग में काफी घना कोहरे का वातावरण रहता है, जिसके लिए परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने वही मौके पर जाकर इन बसों की जांच की। परिवहन स्टाफ द्वारा स्कूल प्रबंधन को निर्देशित भी किया गया की सभी बसें मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चलाएं बसों में अग्नि शमन यंत्र फर्स्ट एड बॉक्स बसों में दोनों तरफ जालिया हो अवश्य लगी हो जिससे बच्चे हाथ बाहर ना निकाल सके। परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल बसों के विरुद्ध यह जांच अभी लगातार जारी रहेगी। आज की गई इस कार्यवाही से परिवहन विभाग को 67000 रुपए का शासकीय राजस्व प्राप्त हुआ।



# समान थाना प्रभारी निकले कानूनविद्

**रीवा।** थाना प्रभारी समान के संबंध में जितना भी बखान किया जाये तो शायद कम होंगे। तत्कालीन एसपी नवनीत भसीन के कार्यकाल में मनगवां थाना में एक नहीं दो महिला उप निरीक्षकों का एसपी के सामने पेश होकर अचानक तबादला करवा लेना किसी से छुपा नहीं है। इसी प्रकार एसपी द्वारा विवि थाना से शहर से बाहर मनगवां थाना तबादला कर देना भी कहीं न कहीं चर्चा का विषय रहा है। समान थाना की जब से कमान संभाली तो समान थाना भी सुर्खियों में आ गया। अपराधियों द्वारा थाना में तोड़ फोड़ करना पुलिस की वर्दी फाड़ना रीवा की जनता भूल नहीं पाई कि मंगलवार के दिन नया मामला सामने आ गया। जिसमें आरक्षक के साथ हुई साधारण मारपीट के मामले में समान थाना प्रभारी ने आरोपी अभिमन्यु सिंह पर हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सोच का विषय यह है कि आरक्षक को ऐसी कोई गंभीर चोट नहीं लगी और न ही मेडिकल रिपोर्ट बता रही यहां तक की प्राथमिक उपचार के बाद एसजीएमएच से आरक्षक की छुट्टी कर दी गई ऐसे में मारपीट करने वाले आरोपी अभिमन्यु सिंह पर हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर लेना कहीं न कहीं थाना प्रभारी को कानूनविद की संज्ञा प्रदान करता है। मंगलवार के दिन श्री राजपूत करणी सेना संगठन एसपी कार्यालय पहुंच कर वस्तु स्थिति से एएसपी को अवगत कराया। बताया कि जिस आरक्षक से मारपीट की गई थी वह वर्दी पर नहीं था और शराब के नशे में था। गाड़ी हटाये जाने को लेकर आरक्षक और अभिमन्यु सिंह के बीच विवाद हुआ जो जिसमें हल्की मारपीट हुई। हल्की मारपीट पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज करना गलत है, इसकी किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से जांच करवाई जाये।

# 9 वें दिन इटार पहाड़ में मिली लापता युवक की लाश

## धड़ से सिर था गायब, परिजनों ने लगाया जाम

**रीवा।** शहर से चंद किलो मीटर गुढ़ थाना क्षेत्र में लापता युवक का शव इटार पहाड़ में मिला। शव से युवक का सिर गायब था। गुढ़ पुलिस की लापरवाही से आक्रोशित लोगों ने शव को रास्ते में रख कर जाम लगा दिया। पुलिस पर कातिलों को बचाये जाने का आरोप परिजन लगाते रहे। मंगलवार को इटार पहाड़ में चरवाहों ने युवक का शव देखा। शव की पहचान लापता सतीश द्विवेदी उर्फ कराते पिता रमाकांत द्विवेदी 35 वर्ष निवासी बांधी डढ़वा के रूप में की गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा पीएम कार्रवाही करती कि उसके पहले ही मृतक के परिजन पुलिस की लापरवाही बरते जाने के विरोध में आक्रोशित होकर शव को लेकर मार्ग में जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि सतीश द्विवेदी की हत्या सौर्य ऊर्जा में सिक्योरिटी पर काम करने वाले बृजेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह एंव रामकृष्ण द्विवेदी ने मिलकर की है। बताया कि सतीश द्विवेदी सौर्य ऊर्जा में सिक्योरिटी के पद पर काम करता था। जो किसी कारण से छोड़ दिया। सतीश द्विवेदी के तीन माह का वेतन नहीं दिया गया था। जिसे मांगने सतीश एक बार गया तो उसे बंधक बना कर उपरोक्त लोगों ने मारपीट किया था। परिजनों ने बताया कि सतीश द्विवेदी 31 दिसबंर की शाम से लापता हो गया था। तलास करने पर जब कोई सुराग नहीं लगा तो गुढ़ थाना पहुंचे और सतीश का अपहरण कर हत्या किये जाने की आशंका जताई साथ ही संदेह जताया कि बृजेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह एवं रामकृष्ण द्विवेदी ने वारदात को अंजाम दिया होगा। लेकिन पुलिस उनकी नहीं सुनी और गुमशुदगी की रिर्पोट लिखने की बात करती रही। तब एसपी कार्यालय में जाकर गुढ़ पुलिस की शिकायत करते हुए खोये हुए अपने को तलास करने की बात रखी थी। उसके बावजूद भी गुढ़ पुलिस की जूं नहीं रेंगी, परिणाम यह निकल कर सामने आया कि आज सतीश द्विवेदी की लाश इटार पहाड़ में मिली। जिसकी तलवार से गला रेत कर तेजाब डालने के साथ ही मौत के घाट उतार दिया।

# यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों के खिलाफ की चलानी कार्यवाही



**मऊगंज।** जिले के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के द्वारा यातायात को सुगम व उसे सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के पुलिस थानों को निर्देश दिए गये है। जिसको लेकर मऊगंज जिले में बीते दो माह से लगातार मऊगंज यातायात प्रभारी अमित विश्वकर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और उसके नियमों का उल्लंघन करने बालो के खिलाफ कार्यवाही जारी है।

# मऊगंज में मकर संक्रांति पर 11 से 15 जनवरी तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मऊगंज।** जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर 11से 15 जनवरी तक सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगे। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 11 जनवरी से 15 जनवरी तक युवाओं तथा महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।मकर संक्रांति के पुण्यकाल में धार्मिक परंपराओं को विज्ञान के साथ जोड़ते हुए तकनीकी शिक्षा विभाग ,स्कूल शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग मिलकर विज्ञान मेले का आयोजन कराएंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव 10 जनवरी को लाडली बहन योजना की राशि महिलाओं के खाते में जारी करेंगे। इस दिन सभी नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। कलेक्टर ने बताया कि 11 से 15 जनवरी तक परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।जिला खेल अधिकारी ,जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसके आयोजन के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। जिले में 11 से 12 जनवरी तक रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

# लठैतों ने रेत कर्मचारियों पर किया हमला

## सुरक्षा श्रमिक से झूमा झटकी कर जबरन ट्रैक्टर छुड़ा ले गया रेत माफिया

### थाने मे दर्ज हुई शिकायत, कठोर कार्यवाही की मांग

इस समय रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। पहले अमन सेट्ठी रेत ठेकेदार के तैनात कर्मचारियों पर लाठी डंडे से कहर बरसाया गया और अब कंपनी के बोलेरो वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

अनूपपुर/कोतमा।



जिले में रेत माफिया का आतंक बढ़ चढ़कर बोल रहा है, तभी तो विगत रात लगभग 10.30 बजे मेसर्स अमन सेठ्ठी रेत ठेकेदार के तैनात कर्मचारियों पर दबंगों ने छुल्हा निगवानी में किराए के मकान पर रहने वाले उन कर्मचारियों पर लाठी डंडे से की अंधाधुंध कुटाई कर दी। इधर वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत 8 जनवरी को रात में बीट देवरी, लोढी के रात्रिकालीन गस्ती के दौरान अंशकालिक सुरक्षा श्रमिक से मारपीट करते हुये रेत माफिया ने रेत से भरा टैक्टर छुड़ाकर ले गया जिसकी शिकायत थाने मे दर्ज कराई गई। मामले पर पुलिसिया कार्यवाही जारी है।

रेत माफियाओं का निगवानी छुल्हा क्षेत्र में खुलेआम रेत का उत्खनन व परिवार ट्रैक्टर वाहनों से कर रेत की चोरी का दस्तूर जारी है। यदि इन रसूखदार रेत माफिया पर धोखे से भी इनके अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का हस्तक्षेप किसी प्रकार किया जाता है तो रेत ठेकेदार अमन सेठ्ठी के रेत खदानों में तैनात कर्मचारियों पर छुल्हा निगवानी के रसूखदार दादागिरी कर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, रेत माफिया को कानून का डर नहीं रहा, तभी तो निडर बेधड़क होकर अपने अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं।

### कोतमा थाना क्षेत्र में बेलगाम हुए रेत माफिया

फरियादी दीपक कुमार पिता रामवीर सिंह उम्र 26 वर्ष पुश्तैनी निवासी बरूआनगर, थाना - बांटा, जिला- आगरा (उत्तर प्रदेश), उमादास साहूं निवासी - छुल्हा निगवानी मकान मालिक, प्रदीप सिंह भदौरिया, राधेश्याम सिकरवार, रागवेन्द सिंह सिकरवार, गजेन्द्र सिंह ने कोतमा थाना जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि मेसर्स अमन सेठ्ठी रेत ठेकेदार मालिक निवासी दिल्ली द्वारा हमें सम्पूर्ण जिले की रेत खदानों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए यहां तैनात किया है। 06 जनवरी की बीती रात लगभग 10:30 बजे कंपनी की बोलेरो गाड़ी सीजी 31 ए 3642 के चालक चरण सिंह कर्मचारियों का खाना लेकर छुल्हा पहुंचाने गया था, तभी छुल्हा निगवानी निवासी राजेंद्र तिवारी, संदीप नारायण मिश्रा उर्फ सिन्धु, अनुराग सिंह, सुनील वर्मा हाथ में लाठी डंडे लिए आए और अनुराग सिंह राजेंद्र तिवारी शराब पीने के लिए पैसे मांगे गए, पैसे ना देने पर गाली गलौज की गई और लाठी डंडे से बोलेरो गाड़ी के कांच पर लाठी डंडे से तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मना करने पर राजेंद्र तिवारी, अनुराग सिंह, संदीप नारायण मिश्रा उर्फ सिन्धु, सुनील वर्मा ने शिकायतकर्ता एवं उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट से पीड़ित गजेंद्र सिंह, राधेश्याम सिकरवार, रागवेन्द सिंह, प्रदीप सिंह के शरीर के कई अंगों पर गंभीर चोट आई। कोतमा पुलिस द्वारा सभी पीड़ित व्यक्तियों का मेडिकल जांच कराई गई।

### आरोपियों के विरुद्ध कोतमा थाने मे मामला पंजीबद्ध

फरियादी के शिकायत पर कोतमा पुलिस द्वारा आरोपित व्यक्ति राजेंद्र तिवारी ग्राम छुल्हा निगवानी, अनुराग सिंह, संदीप नारायण उर्फ सिन्धु, सुनील वर्मा के विरुद्ध अपराध क्रमांक/0012 धारा 327 ,294, 323,506, 34, 427 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है। रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले कुछ आरोपी गणों के विरुद्ध कोतमा थाना सहित अन्य राज्यों के थाने में गंभीर धाराओं के तहत उनके विरुद्ध मामले पंजीबद्ध है और मामला माननीय न्यायालय में भी विचाराधीन है, आखिर कोतमा पुलिस ऐसे अपराधियों पर नकेल कब कसेगी।

### इधर रेत माफिया ने सुरक्षा श्रमिक पर किया हमला

वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत 08 जनवरी को रात में बीट देवरी, लोढी के रात्रिकालीन गस्ती के दौरान अंशकालिक सुरक्षा श्रमिक लोढी द्वारा गोहडारी नदी वनक्षेत्र में एक सोनालिका टैक्टर रेत लोड होते पाए जाने पर बीटगार्ड लोढी रमेश अहिरवार को सूचना दिया बीटगार्ड ने परिक्षेत्र सहायक कोतमा एवं अन्य वन अमले को सूचना दिया सूचना के आधार पर मौके में जब तक स्टाफ पहुँचा उसके पहले ही रेत माफिया जबरन ट्रेक्टर छुडाकर ले गया रेत लोडिंग का सुरक्षा श्रमिक द्वारा वीडियो बनाया गया, लेकिन वाहन मालिक रवि शुक्ला उर्फ भोले महराज निवासी बिजहा द्वारा मोबाइल रात के अँधेरे में लूटकर नदी तरफ फेंक दिया गया और सुरक्षा श्रमिक शारदा यादव निवासी लोढी को गाली देते हुए वाहन मालिक द्वारा मारपीट की गई। वाहन मालिक द्वारा परिक्षेत्र सहायक कोतमा जेडी धार्वे को भी गाली दिया गया। जबरन ट्रेक्टर छुडाकर ले जाने और झगडा करने की सूचना रात मे ही कोतमा थाने में दी गई वही आरोपी ने भी कोतमा थाने में अपने बचाव हेतु रिपोर्ट लिखाया है। ज्ञात हो कि इस जिले का मध्य प्रदेश शासन में मंत्री भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जब सरकारी कर्मचारियों का यह हाल है तो आम आदमी का हाल क्या होगा यह समझ से परे है।

### इनका कहना है

घटना की जानकारी मुझे नहीं है मैं थाने में पता करता हूं यदि लिखित में शिकायत की गई है तो जांच के बाद कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**व्हीपी सिंह**
**एसडीओपी कोतमा**

रेत ठेकेदार के कर्मचारियों पर कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने की शिकायत थाने मे दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है मामले की विवेचना की जा रही है।

**जिंतेंद्र सिंह पवार, पुलिस अधीक्षक**
**जिला अनूपपुर**

## खबर संक्षेप



### विधायक भावना बोहरा का भाजपा ने किया स्वागत

**अमरकंटक।** भारतीय जनता पार्टी अमरकंटक के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की पंडरिया से विधायक भावना बोहरा को जीतकर पहली बार अमरकंटक आने जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। भावना बोहरा भारतीय जनता पार्टी की पंडरिया से विधायक है उनका अमरकंटक के प्रति लगाव हमेशा रहता है। उनका विधायक रहने के पहले भी अमरकंटक आना-जाना लगा रहता था, अब वह विधायक हो गई है तो अमरकंटक आती रहेगी ऐसा उनका कहना है। नगर परिषद अमरकंटक के पार्षद दिनेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी, भाजपा कार्यकर्ताओं में अंजना कटारे, सोनू जैन, सूरज साहू, अभिषेक द्विवेदी सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया एवं पतित पावनी मां नर्मदा के पावन जन्मोत्सव के लिए उनको निमंत्रण भी दिया।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवती की मौत

**अनूपपुर।** जिला अस्पताल में मंगलवार की सुबह जहरीला पदार्थ खाने से गंभीर 20 वर्षीय युवती की गंभीर स्थिति मे उपचार दौरान मौत हो गई जिसकी सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतिका के शव का पंचनामा, पीएम की कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में बताया गया कि ग्राम खम्हरिया के बकानटोला निवासी मृतिका माया सिंह पिता साम्हारु सिंह उम्र 20 वर्ष मंगलवार की सुबह अपनी मां को भाई के फोन से बात कर पेट दर्द करने की बात कही जिस पर मां के पहुंचने पर माया की तबीयत अत्यधिक खराब होने से उसे जिला अस्पताल अनूपपुर लाकर भर्ती करते हुए ड्यूटी डॉक्टर द्वारा उपचार प्रारंभ किया। इसी दौरान युवती की मौत हो गई घटना की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा, पीएम की कार्यवाही करते हुए शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर प्रारंभिक जांच बाद अग्रिम विवेचना हेतु चचाई थाना को मामले की डायरी भेजी है।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस ने किया भूख हड़ताल




**अनूपपुर।** अनूपपुर साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा 9 जनवरी को रेलवे स्टेशन अनूपपुर के सामने ओल्ड पेंशन स्कीम की तत्काल बहाली करने को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया। भूख हड़ताल में स्थानीय रेल कर्मचारी एवं शाखा के पदाधिकारी शामिल हुए साथ ही नए रेल कर्मचारी हड़ताल स्थल पर पहुंचकर अपना अपना नैतिक समर्थन रेलवे मजदूर कांग्रेस के आंदोलन में प्रदान किया। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव रामदास राठौर ने बताया नई पेंशन स्कीम जो वर्तमान में चल रही है उसके विरोध में उसे हटाकर, पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग को लेकर एन एफआईआर नई दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर एम राघवैया के आह्वान पर एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन के अध्यक्ष तपन चटर्जी के निर्देश पर व मंडल समन्वय बिलासपुर बी कृष्ण कुमार एवं लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में बिलासपुर अनूपपुर मनेंद्रगढ़ में एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित किया गया। आज 10 जनवरी को शहडोल, उमरिया, पेंड्रा रोड, रायगढ़ में ओल्ड पेंशन के समर्थन में भूख हड़ताल किया जाएगा, रेलवे मजदूर कांग्रेस इस भूख हड़ताल के माध्यम से नई पेंशन स्कीम वापस लेने और पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने के लिए एनएफआईआर के निर्देश के तहत पूरे भारतीय रेल में 8 जनवरी से लेकर 11 जनवरी तक भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से तत्काल ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की मांग कर रही है।



# शासकीय हाई स्कूल बेलिया बड़ी व स्वास्थ्य केंद्र परिसर अतिक्रमण के चपेट में

**कोतम।** जिले के तहसील कोतमा के स्थानीय प्रशासन एसडीम, तहसीलदार, पटवारी, ग्राम पंचायत सरपंच, एवं सचिव के सह पर बेलिया बड़ी के शासकीय आराजी में दबंगों द्वारा घर बनाकर आतिक्रमण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी विकास के नाम पर आंसू बहा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां पर विगत कई वर्षों से शासकीय हाई स्कूल संचालित है। परंतु अध्यापक, छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए जगह भी नहीं है। साथ ही दर्जनों गांव के बीच इसी परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलिया बड़ी भी संचालित है। जहां मरीजों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। हाई स्कूल एवं अस्पताल परिसर की शासकीय भूमि में गांव के बाहुबली, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सत्ता में बैठे लोगों द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण किया गया है। जिसके चलते विद्यालय परिसर का विकास पूर्णतः अवरुद्ध है। इतना ही नहीं विद्यालय के चारों ओर बाउंड्री वॉल, पेयजल, साफ सफाई की दिकत बनी रहती है। कारण की गांव के ग्राम पंचायत बलिया बड़ी के खसरा नंबर 597 रकवा 3.17 एकड़ भूमि मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज है उक्त भूमि पर शा हाई स्कूल,हॉस्पिटल ,पी डी एस गोदाम ,पशु चिकित्सा, बना हुआ है शेष भूमि पर ग्राम के बाहुबलियो द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं रावस्व के सह पर अतिक्रमण कर के बड़ी बड़ी इमारत खड़े कर लिए गए है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार व जनचर्चा हैं कि शिव नारायण, राम निरंजन, विजय, गीता एवं राजू द्वारा घर और बाड़ी बना कर शासकीय भूमि को कब्जा कर लिया गया जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाना अति आवश्यक है। कई बार जमीन की नाप हो चुकी है मगर प्रशासन दबंगो से जमीन खाली नहीं करा पा रही है। ऐसा लगता है कि प्रशासन से ज्यादा पहुँच बाहुबलियों के पास है। जमीन खालीं न होने के कारण विद्यालय का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन से कब्जे वाली भूमि सही नाप करवाकर खाली कराने की शिकायत की जा चुकी है। मगर प्रशासन कुछ नही कर पा रहा है। एक बार फिर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं कि शासकीय भूमि से कब्ज हटाया जाए। विद्यालय परिसर में विगत 30 वर्ष पूर्व में एक अतिरिक्त कक्ष बना था जो अचानक कुछ दिन पूर्व में अपने आप ध्वस्त हो गया है। बताया गया है कि इस भवन को गिराए जाने के लिए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य धनीराम अहिरवार द्वारा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार पत्राचार किया गया। 9 जनवरी को तहसीलदार पुलिस के साथ मौके में जाकर स्थल का निरीक्षण किया।

### इनका कहना है

पूरे मामले कि निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**ईश्वर प्रधान**
**तहसीलदार कोतमा**

# तीन दिवसीय होगा अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव का कार्यक्रम

## तैयारियों के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

अनूपपुर।



मां नर्मदा की पावन जन्म स्थली अमरकंटक में 15, 16 एवं 17 फरवरी को तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाए जाने हेतु आवश्यक तैयारियों तथा आयोजित कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से सम्पादित करने के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस अमरकंटक के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, नगर परिषद अमरकंटक के अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ दीपक पाण्डेय, एसडीओपी श्रीमती सोनाली गुप्ता, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय, जनपद पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह परस्ते सहित अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार, मंदिरों के पुजारी तथा संतगण उपस्थित थे।

### होंगे विविध आयोजन

बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव का आयोजन अमरकंटक क्षेत्र की धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आम जनों के समक्ष प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि जन आस्था का प्रतीक मां नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में विविध आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमरकंटक श्रृद्धालुओं के साथ ही प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए योग और ट्रैकिंग की गतिविधियां भी आयोजन के दौरान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विविधताओं व विशेषताओं से परिपूर्ण है। यहां पर्यटकों और श्रृद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग व जनसम्पर्क के माध्यम विभाग से जिले सहित अन्य आसपास के जिलों व शहरों में अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जाएंगी। बैठक में अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव 2024 के तीन दिवसीय आयोजन के संबंध में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय मंदिरों व आश्रमों के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में तय किया गया कि आयोजन के दौरान मां नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर की आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी। प्रथम दिवस मां नर्मदा की शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी, जो पंडित दीनदयाल चौक तक जाकर वापस मां नर्मदा मंदिर परिसर में समाप्त होगी। तीन दिवसीय आयोजन में योगाभ्यास, ट्रैकिंग, संकीर्तन, पूजा-अर्चना, हवन, सांस्कृतिक संध्या, कन्या पूजन एवं कन्या भोज, महा आरती, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा स्थानीय समिति के सहयोग से भण्डारा आदि आयोजन सम्पन्न किए जाएंगे।

### सख्त रहेगी पुलिसिया व्यवस्था

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह ने बताया कि आयोजन के दौरान जिले सहित प्रदेश व अन्य राज्यों से आने वाले श्रृद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्किंग व्यवस्था बनाकर परिवहन को नियंत्रित किया जाएगा। आयोजन के दौरान आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पार्किंग का निर्धारण कर पर्यटकों तथा श्रृद्धालुओं के सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने सभी से सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था के लिए सहयोग करने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ दीपक पाण्डेय ने पूर्व वर्षों में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

### अमरकंटक को नेशनल अवार्ड मिलने पर दी बधाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में अमरकंटक को नेशनल अवार्ड के लिए चयनित होने पर कलेक्टर ने दी बधाई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक को नेशनल अवार्ड के लिए चयनित होने पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अमरकंटक की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास निरन्तर आवश्यक हैं। अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव के लिए नागरिक स्वेच्छानुसार खाते में ऑनलाईन कर सकते हैं धनराशि का सहयोग अमरकंटक में 15, 16 एवं 17 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव के सफल संचालन हेतु नागरिकों तथा श्रृद्धालुओं से आवष्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

# कोचिंग रैक से बैटरी, तांबा व तार चोरी के 5 आरोपी चढ़े रेल सुरक्षा बल के हत्थे

### मामले में अभी भी 3 नामजद आरोपियों की धरपकड़ और पिकअप पकड़ना शेष

**अनूपपुर।** आठ जनवरी को हरद रेलवे स्टेशन पर स्टेबल कोचिंग रैक में हुई बैटरी और तांबा तार चोरी होने की सूचना पर अपराध 02 दिनांक 03.01.24 एक्ट में कुल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरित संपति बरामद करने में अनूपपुर रेल सुरक्षा बल की विशेष टीम ने पोस्ट प्रभारी निरीक्षक की सक्रियता से बरामद करने में अहम कामयाबी हासिल की है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट अनूपपुर प्रभारी निरीक्षक महादेव लाल यादव ने मीडिया को बताया कि रेसुब पोस्ट के अपराध क्र 02/2024 दिनांक 03.01.24 के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के दौरान 06.01.2024 को निरीक्षक एम.एल.यादव, रे.सु.ब. पोस्ट अनुपपूर मातहत बल सदस्यों व अ.गु.शा./अनुपपूर के प्रभारी निरीक्षक बी.आर.सिंह व अन्य अधिकारी तथा बल सदस्यों के साथ मुखबिर की आसूचना के आधार पर जैतहरी के वार्ड नं. 07 जैन मंदिर के पास निवासरत अब्दूल रसूल वल्द-मो0 शमी के निवास पर पहुंचे जहां उससे पूछताछ में बताया कि हरद रेलवे स्टेशन में खड़ी रेलवे कोच से चोरी में उसका भाई ईलाही व इलाही के मित्र शामिल है किन्तु अभी ईलाही कहां है इसका पता उसे नहीं है। ईलाही के मोबाईल नंबर का लोकेशन कटनी में बड़गांव का होना पाया गया। रसूल को लेकर पूरी टीम के साथ बड़गांव के लिए रवाना हुए। जहां ईलाही खान वल्द-मो0 शमी, उम्र-31वर्ष, निवासी-मेन मार्केट जैतहरी, जिला-अनुपपूर (म.प्र.) मिला और अपना अपराध स्वीकार किया। ईलाही खान से पूछताछ में उसने अपने साथियों राहुल सोनी, रोहित बसोड़, सन्नी सिंह व अन्य के साथ मिलकर हरद रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेलवे कोचो से बैटरी व तांबा तार का केबल चुराकर जबलपुर स्थित कबाड़ी को बेचना स्वीकार किया। उसका स्वीकारोक्ती कथन दर्ज किया गया व उसकी निशानदेही पर जबलपुर स्थित ए.एन.



ट्रेडर्स नामक कबाड़ दुकान पर पुलिस से समन्वय कर 07.01.2024 को दबिश दी गई। रेलवे संपत्ति खरीदने वाले नौशाद खान वल्द-सलीम, उम्र-40 वर्ष, निवासी-मकान नं. 506 नदी मोहल्ला इंदराना, तहसील-मंझौली, थाना-मंझौली, जिला-जबलपुर की पहचान की गई। आगे पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ही रेलवे संपत्ति (बैटरी व तांबा तार) ईलाही खान से खरीदी है व उसे डिस्पोज करने जा रहा था। नोशाद खान के चोरित संपत्ति पेश करने पर मौके पर समस्त दस्तावेजी कार्यवाही पूरी कर जबलपुर से रवाना हुए। रास्ते में ही सूचना प्राप्त हुई कि पिकअप का ड्राईवर घर पर है अतः दबिश देने हेतु कोतमा रवाना होकर 08.01.2024 को सुबह 06 बजे कोतमा पहुंचे व पिकअप ड्राईवर के निवास पर दबिश दी गई जहां दिलीप वंशकार, पिता रामलाल बंसोड़, उम्र-29 वर्ष, निवासी-वार्ड नं. 07 बनिया टोला, थाना-कोतमा मिला। आगे पूछताछ में उसने अब्दुल रसुल व उसके भाई ईलाही खान को पहचाना तथा अब्दुल रसूल तथा ईलाही खान ने भी उसे पहचाना। मौके पर पहचान पंचनामा तैयार किया व दिलीप वंशकार ने भी चोरित संपत्ति को ढोने व अपराध में सहभागिता देने का अपराध स्वीकार किया। अब्दुल रसुल के भी अपराध में संलिप्त होने की पुष्टि होने पर अब्दुल रसूल का स्वीकारोक्ती कथन दर्ज किया गया व दिलीप वसंकार ने बताया की चोरी में ईलाही का साला मो0 अब्दुल उर्फ अफजल भी शामिल था। मौके पर दस्तावेजी कार्यवाही कर पहले घटना स्थल का शिनाख्त कर पंचनामा तैयार किया गया व दिलीप वंशकार की निशानदेही पर मो. अब्दुल उर्फ अफजल के निवास पर दबिश दी गयी और पकड़ कर स्वीकारोक्ति कथन दर्ज किया गया। मौके का पंचनामा पर समस्त आरोपियों व गवाहो तथा जांच अधिकारी का हस्ताक्षर किया गया। मामले में अन्य कागजी कार्यवाही पूर्ण कर आरोपियों को मय जप्तशुदा संपति दस्तावेज रेसुब पोस्ट अनुपपुर लाया गया संपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित कर माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशानुसार आरोपियों को नोटिस दे कर सशर्त छोड़ा गया। मामले में अभी भी 3 नामजद आरोपियों की धरपकड़ और पिकअप को पकड़ना शेष है।